# हर पल श्याम का शुक्र मनाऊँ भजन लिरिक्स

हर पल श्याम का शुक्र मनाऊँ,
ये मेरा रखवाला है,
मेरे जीवन का रखवाला,
केवल खाटू वाला है,
मुझे अब कोई भी फिकर नहीं,
किसी बात का मुझको डर नहीं,
मेरा श्याम रहता है मेरे साथ में,
मेरा श्याम रहता है मेरे साथ में।bd।

तर्ज – जब तुम आ जाते हो।

---

रोज सवेरे श्याम की उंगली,
थाम के घर से निकलती हूँ,
सच कहती हूँ हर रस्ते पर,
श्याम के संग ही चलती हूँ,
मैंने पकड़ लिया इसका आंचल,
मेरा साथ निभाता है हर पल,
मेरा श्याम रहता है मेरे साथ में,
मेरा श्याम रहता है मेरे साथ में।bd।

---

दुनिया की कोई मुश्किल,
अब सामने मेरे आती नही,
कैसी भी उलझन हो मुझसे,
बिलकुल भी टकराती नही,
मेरे सिर पर श्याम का हाथ है,
सबको ही पता ये बात है,
मेरा श्याम रहता है मेरे साथ में,
मेरा श्याम रहता है मेरे साथ में।bd।

---

जीवन की सारी चिंताओं,
से मै कोसो दूर हुई,
श्याम के चरणों में रहकर,
अब तो मैं कोहिनूर हुई,
ये श्याम का सारा करिश्मा है,
‘शर्मा’ का श्याम से रिश्ता है,
मेरा श्याम रहता है मेरे साथ में,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हर पल श्याम का शुक्र मनाऊँ,
ये मेरा रखवाला है,
मेरे जीवन का रखवाला,
केवल खाटू वाला है,
मुझे अब कोई भी फिकर नहीं,
किसी बात का मुझको डर नहीं,
मेरा श्याम रहता है मेरे साथ में,
मेरा श्याम रहता है मेरे साथ में ।bd।

**Singer – Sapna Sargam**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com